अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 7 अक्तूबर 2023
आश्विन कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2080

Page No : 02 top

खेल

■ **प्रतियोगिता-** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से बैडमिंटन प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे से।

Page No : 07 top

एकल और युगल मुकाबलों में खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन

स्पोर्ट्स स्टेडियम में ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज किया गया। पहले दिन स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्वालीफाइंग राउंड के एकल, युगल और मिश्रित मुकाबले खेले गए। उत्तर प्रदेश की टीम के पुरुष एकल व युगल मुकाबलों में जिले से जुनैद अंसारी, मंजीत सिंह, विशाल पचनंदा, अभिनव शर्मा, वर्ष गौर ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला एकल में दीक्षा सिंह ने उम्दा प्रदर्शन के बूते क्वालीफाइंग राउंड में जगह बनाई।

प्रतियोगिता में उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत अन्य कई राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि शनिवार और रविवार को भी क्वालीफाइंग राउंड के अन्य मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों दिनों के मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम व एसआरएमएस के ग्राउंड में खेले जाएंगे।

क्वालीफाइंग राउंड के विजेता खिलाड़ी नौ से 12 अक्तूबर के बीच खेले जाने वाले फाइनल मुकाबलों में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को सीडीओ जगप्रवेश ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर व आरएसओ जितेंद्र यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

इस दौरान एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, गौरव भसीन, सुनील शर्मा, कुमार अग्रवाल, राकेश टंडन, देवेंद्र थापा, दीपक धवन, हिमांक सिंह, अरुण नेगी, विष्णु शंकर शर्मा, प्रकाश पादुकोण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

स्टेडियम में चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता में शॉट लगाती खिलाड़ी। संवाद

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते सीडीओ जग प्रवेश। स्रोत : एसोसिएशन

बरेली के जुनैद, मंजीत, विशाल और अभिनव शर्मा का शानदार प्रदर्शन